संख्याः 1131 /XVII(4)/2011/129/06 TC

प्रेषक,

मनीषा पंवार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
आई0सी0डी0एस0,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अनुभाग, देहरादूनः दिनांक 6 जून, 2012

विषयः अनुपूरक पोषाहार की गतिविधियों को कियान्वित करने हेतु सैल गठन एवं उसमें नियत वेतन (संविदा पर) पदों के सृजन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 2356–57/डब्लू0एफ0पी0 स्टॉफ –1847/2011–12 दिनांक 10–12–2011 एवं पत्र संख्या 247–48/डब्लू0एफ0पी0 स्टॉफ –1847/2011–12 दिनांक 27–4–2012 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुपूरक पोषाहार की गतिविधियों को क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करने हेतु निम्नानुसार पदों को दिनांक 28–2–2013 तक की अवधि के लिये बशर्ते की उक्त पद को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है–

क्र0सं0	पदनाम	नियत वेतन	स्वीकृत पद
1	सहायक परियोजना प्रबन्धक	15000/– नियत वेतन प्रतिमाह (संविदा पर)	01
2	सांख्यिकी सहायक	10000/– नियत वेतन प्रतिमाह (संविदा पर)	01
		कुल पदों की संख्या	02

2– पूर्व में विश्व खाद्य कार्यक्रम की गतिविधियों को क्रियान्वित करने हेतु शासनादेश संख्या 719/उ0शा0/बा0वि0–121/2004 दिनांक 29–1–2004 द्वारा सृजित नियत वेतन के संविदा आधारित पद, उपरोक्त के क्रम में समाप्त समझे जायेंगे।

3– उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2012–13 के अनुदान संख्या–15 के लेखाशीर्षक 2235–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण –02 समाज कल्याण–102–बाल विकास–01–केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र पुरोनिधानित योजनायें–0110–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन योजना के अन्तर्गत मानक मद–42–अन्य व्यय के नाम डाला जायेगा।

3– उक्त स्वीकृति वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के अशा0 संख्या–23 (P)/XXVII(3)/2012–13 दिनाँक 24–5–2012 द्वारा प्रदत्त सहमति के क्रम में निर्गत की जा रही है।

भवदीय,

(मनीषा पंवार)
सचिव

S.O.(MWCD)/Letters Off. 1291

संख्या:   (1)/XVII(4)/2012 तद्दिनाँक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाएँ, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, देहरादून।
4. वित्त अनुभाग–3, उत्तराखण्ड शासन।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(टीकम सिंह पंवार)
संयुक्त सचिव